छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

विपणन संघ

सी.बी.डी.कमर्शियल कॉम्पलेक्स टॉवर ''सी'' 6 फ्लोर
सेक्टर 21 मुख्यालय नवा रायपुर, अटल नगर
(छ.ग) 492002

खरीफ विपणन वर्ष 2019–20 में धान/खाद्यान्न के परिवहन कार्य हेतु पुनः अल्पकालीन ई–निविदा प्रपत्र

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित्

सी.बी.डी.कमर्शियल कॉम्पलेक्स टॉवर ''सी'' 6 फ्लोर
सेक्टर 21 मुख्यालय नवां रायपुर, अटल नगर (छ.ग) 492002

धान/खाद्यान्न के परिवहन कार्य हेतु पुनः अल्पकालीन ई–निविदा
खरीफ विपणन वर्ष 2019–20 की विषय सूची

क्र.	विवरण	पृष्ठ क्रमांक से पृष्ठ क्रमांक तक
01	निविदाकार का नाम,पता एवं निविदा जमा/खोलने की तिथि	2
02	निविदा निर्देश एवं मार्गदर्शक सूचनायें परिशिष्ट –1	3 से 11
03	निविदाकर्त्ता का परिचय एवं विवरण भाग (क) तकनीकी बीड हेतु परिशिष्ट –2	12 से 13
04	धान/खाद्यान्न परिवहन हेतु निविदा दर भाग (ख) वित्तीय बीड हेतु परिशिष्ठ –3	14 से 15
05	घोषणा पत्र परिशिष्ट – 4	16
06	निविदाकर्त्ता से इकरारनामा का प्रारूप परिशिष्ट –5	17 से 19
07	सत्यनिष्ठा संधि परिशिष्ट –6	20 से 25
08	शपथ पत्र परिशिष्ट –7	26

1) समस्त निविदाकारों से अनुरोध है कि वे उक्त परिशिष्टों का गहन अध्ययन करने के उपरांत ही अपनी दरें प्रस्तुत करें ताकि उनके द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा विधिवत रूप से प्रस्तुत हो सके।

प्रबंध संचालक

कार्यालय छ0ग0राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

सी.बी.डी.कमर्शियल कॉम्पलेक्स टॉवर ''सी'' 6 फ्लोर
सेक्टर 21 मुख्यालय नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग) 492002

धान/खाद्यान्न परिवहन कार्य पुनः अल्पकालीन निविदा फार्म खरीफ विपणन वर्ष 2019–20

1. निविदाकर्ता का नाम व पता — श्री/सुश्री.....
   पिता/पति का नाम.....
2. निविदाकर्ता के प्रतिष्ठान का नाम, ...
   पूर्ण पता एवं मोबाईल नं. .....

छ.ग राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. द्वारा वर्ष 2019–20 के लिए ऑनलाईन ई–निविदा के माध्यम से परिवहन कार्य हेतु प्रतिष्ठित परिवहनकर्ताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन ई–निविदा हेतु शेड्युल निम्नानुसार है :–

Bid start Date	16-10-2019	05.00 PM
Bid Due Date	30-10-2019	05.00 PM
Bid Open Date from	31-10-2019	12.00 PM

टेक्निकल बीड के परीक्षण उपरांत फाईनेषियल बीड खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

टिप्पणी

1. निविदा खोलने के लिये निर्धारित तारीख को यदि अवकाश घोषित किया जाता है, तो निविदा अवकाश के पश्चात् अगले कार्यकारी दिवस को खोली जायेगी लेकिन निविदा खोलने के उपरोक्त दर्शाये गये समय में परिवर्तन नहीं होगा।
2. यह निविदा फार्म अहस्तांतरणीय है।
3. निविदा दस्तावेज दिनांक 30-10-2019 को शाम 05.00 बजें तक ऑनलाईन जमा किया जा सकता है। निविदा दस्तावेज जमा करने हेतु पर्याप्त समय दिया गया है। निविदाकारों को यह सुझाव दिया जाता है कि निविदा जमा करने की ऑनलाईन निर्देश एवं प्रकिया का विधिवत् अध्ययन कर ले एवं अंतिम समय के इंतजार किए बिना पर्याप्त समय पूर्व, निर्धारित प्रकिया पूर्ण कर ऑनलाईन निविदा जमा किया जाना चाहिए ताकि अंतिम समय में साफ्टवेयर/कनेक्टीवीटी आदि में समस्या होने पर निविदा जमा करने में कठिनाई ना हो। अंतिम समय में साफ्टवेयर/कनेक्टीवीटी आदि में तकनीकी समस्या आने के कारण ऑनलाईन निविदा दस्तावेज जमा नही हाने पर समयावृद्वि करने हेतु दावा आपत्ति, अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा और ना ही मैन्युअल निविदा स्वीकार की जावेगी।
4. निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा फार्म की राशि रू 5000 (पांच हजार रूपये मात्र) किसी भी अनुसूचित बैंक से ''छ.ग राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित'' पेबल (Payable संबंधित जिला) के पक्ष में डी.डी. (डिमांड ड्रॉफ्ट) बनवाकर डी.डी की छायाप्रति ऑनलाईन प्रस्तुत की जानी होगी तथा डी.डी. की मूल प्रति निविदा की अंतिम तिथि पर संबंधित जिला कार्यालय में जमा किया जाना होगा एवं रूपये 311/–(तीन सौ ग्यारह रूपये मात्र) बीड सबमिशन फीस वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में निर्धारित लिंक में चिप्स के एकाउन्ट में ऑनलाईन के माध्यम से जमा किया जाना होगा।
5. निविदा दस्तावेज जमा करने से पहले ही निविदाकार का ई प्रोक्युरमेंट वेबासाईट http://eproc.cgstate.gov.in में पंजीयन हो तथा डिजिटल सिग्नेचर (डीएससी) उपलब्ध हो यह सुनिष्चित हो।
6. प्रमाणित किया जाता है कि इस निविदा प्रपत्र में पृष्ठ क्रमांक 1 से 26 तक है जिसे ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना है।

निविदा फार्म जारी करने वाले
अधिकारी के हस्ताक्षर नाम एवं पदमुद्रा

परिशिष्ट – 1

निविदा निर्देश एवं मार्गदर्शक सूचनायें

निविदाकार, जिनके द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के संबंधित जिला कार्यालय का धान/खाद्यान्न परिवहन कार्य हेतु पुनः अल्पकालीन निविदा प्रस्तुत की जा रही है, वे निम्नानुसार नियमों एवं शर्तों का भली–भांति अध्ययन कर लेवें। यह दिशा निर्देश तथा शर्तें निविदा स्वीकृति की स्थिति में निष्पादित की जाने वाली संविदा के भाग होंगे :–

1. निविदाकार द्वारा निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत की जावेगी।

1.2 एक जिलें के लिए एक ही निविदा भरी जावेगी, किन्तु जिलें में स्थित प्रत्येक संग्रहण केन्द्र/इकाई हेतु पृथक–पृथक अमानत राशि ली जाएगी।

1.3 निविदाकर्ता निविदा के परिशिष्ट 1 अनुसार अनिवार्य दस्तावेज की नोटरी से प्रमाणित प्रति स्कैन कर ऑनलाईन संलग्न करें। यह सभी दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न नहीं होने पर निविदाकार की निविदा अस्वीकार की जावेगी।

1. निर्धारित अमानत राशि छ.ग.राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. संबंधित जिले के Demand Draft/ Bank Guarantee की पावती/छायाप्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करें। डी.डी./बी.जी. की मूल प्रति निविदा की अंतिम तिथि पर संबंधित जिला कार्यालय में जमा किया जाना होगा।
2. रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद, बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़ जिले के निविदाकार के पास स्वयं के कम से कम सात ट्रक तथा शेष अन्य जिले के निविदाकार के पास कम से कम पांच ट्रक के रजिस्ट्रेशन एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा जारी वाहन का विवरण (vehicle particular) की सत्यापित प्रति जिसमें फिटनेस,टैक्स एवं बीमा की वैद्यता उल्लेखित हो प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा के साथ प्रत्येक जिले हेतु प्रस्तुत ट्रक संख्या एवं रजिस्ट्रेशन नं. पृथक–पृथक प्रस्तुत करना होगा। एक जिले हेतु प्रस्तुत ट्रक दूसरे जिले हेतु प्रस्तुत करना पाया जाता है, तो निविदा अमान्य की जावेगी।
3. भागीदार फर्म होने की स्थिति में भागीदार विलेख की प्रमाणित सत्यप्रतिलिपि। रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी द्वारा जारी जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय एवं अन्य संस्थानों में विगत पांच वर्षो में से किन्ही दो वर्षो का (प्रत्येक वित्तीय वर्ष में) निम्नानुसार परिवहन कार्य का अनुभव संबंधित प्रमाण–पत्र/दस्तावेज निविदा के साथ प्रस्तुत करें। ।

क्र.	जिले का नाम	कार्यानुभव राशि
1	रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद, बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ	25 लाख
2	कांकेर, जगदलपुर, कवर्धा, मुंगेली, सुरजपुर, अंबिकापुर	5 लाख
3	कोरबा, जशपुर, बलरामपुर, कोरिया, नारायणपुर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर	2 लाख

- संबंधित संस्थानों से परिवहन कार्य से संबंधित वार्षिक प्रमाण पत्र हेतु निविदाकर्ता को सी.ए द्वारा प्रमाणित (परिवहन कार्य का वार्षिक टर्न ओवर दर्शाते हुए प्रमाण पत्र)

5. परिवहन कार्य में नियोजित श्रमिकों हेतु आंवटित पी.एफ. कोड नं. एवं विगत दो वर्ष में जमा कराये गये पी.एफ. का प्रमाण–पत्र चालान।
6. निविदाकार यदि कम्पनी है तो, उसके पार्षद सीमा नियम, पार्षद अन्तर नियमों की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं निगमन का प्रमाण–पत्र। फर्म/कंपनी की ओर से निविदा में हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का अधिकार पत्र अथवा मुख्तयारनामा नोटरी द्वारा सत्यापित।
7. आयकर स्थायी लेखा संख्या प्रपत्र एवं विगत तीन वित्तीय वर्ष 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 की आयकर विवरण की सत्यप्रतिलिपि।

1.4 निविदाकार को निविदा फार्म भरने के पूर्व संबंधित जिले के उपार्जन केन्द्रों/भण्डारण केन्द्रों तक परिवहन करने के लिए आवागमन स्थान तथा स्थानीय परिस्थितियों के संबंध में भली–भांति अवलोकन कर आश्वस्त हो लेना चाहिये, दर स्वीकृति उपरान्त उक्त आधारों पर स्वीकृति दर में कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा। निविदाकारों से अपेक्षा है कि निविदा भरने के पूर्व उपरोक्त जानकारी का भी भली–भांति अध्ययन कर लें।

1.5 निविदाकार स्वयं यह सत्यापित एवं सुनिश्चित करेगा कि उसने निविदा प्रपत्र के साथ निविदाकार का इकरारनामा एवं अन्य समस्त दस्तावेज प्राप्त कर लिया है। आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर लेने का पूर्ण उत्तरदायित्व निविदाकार का है।

1.6 निविदाकार से अपेक्षित है कि, वह संबंधित मार्ग का भी अध्ययन कर लें। यदि किसी कारणवष नियमित/प्रचलित मार्ग बंद रहता है तो परिवर्तित मार्ग से परिवहन किये जाने पर कोई अतिरिक्त चार्ज का भुगतान नहीं किया जायेगा।

1.7 संग्रहण केन्द्र/जिला कार्यालय पर अपना सम्पर्क कार्यालय और कार्यरत प्रतिनिधि रखना होगा, जिसका नाम, पता, मोबाईल नंबर, प्रमाणित हस्ताक्षर एवं छायाचित्र अनुबंध के साथ प्रमाणित कर संबंधित जिला कार्यालय को प्रस्तुत करना होगा। निविदाकर्ता द्वारा नियोजित प्रत्येक श्रमिक/कर्मचारी को भुगतान करने की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी तथा उसके भविष्यनिधि उपादान अन्य समस्त वैधानिक दायित्वों आदि के भुगतान का दायित्व भी निविदाकर्ता का होगा।

1.8 निविदाकार द्वारा प्रस्तुत तकनीकी बीड सही पाये जाने पर ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

1.9 निविदा में प्रस्तुत अभिलेखों पर निविदाकर्ता को हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

1.10 समान्यतः सभी दूरी के उपार्जन केन्द्रों से धान का परिवहन शासन द्वारा निर्धारित नितियो के तहत जिला स्तर पर कलेक्टर के अनुमोदन अनुसार किया जावेगा, इस हेतु कलेक्टर का निर्णय अंतिम होगा।

1.11 अनुबंध एवं सत्यनिष्ठा संधि सफल निविदाकार द्वारा पृथक से टेण्डर अवार्ड होने के बाद संबंधित जिला कार्यालय में संपादित किया जावेगा।

1.12 धान उठाव के समय ट्रकों के लोडिंग में लगने वाले समय की निगरानी करने हेतु एन.आई. सी. द्वारा विशेष मोबाईल एप्लीकेशन विकसित किया गया है। प्रत्येक परिवहनकर्ता को अनिवार्य रूप से स्मार्ट फोन/टैबलेट में उक्त ऐप को डाउनलोड करना होगा। उपार्जन केन्द्र एवं संग्रहण केन्द्र में ऐप के माध्यम से धान उठाव में वाहनों को धान परिदान हेतु आने–जाने के समय पर नियंत्रण रखा जावेगा। उक्त एप्लीकेशन का उपयोग अनुबंधित परिवहनकर्ता को करना अनिर्वाय होगा।

1.13 परिवहनकर्ता को टीओ जारी होने के पश्चात् 72 घंटे के अंदर परिवहन किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में विपणन संघ को यह अधिकार होगा कि किसी अन्य परिवहनकर्ता से परिवहन कर अंतर की राशि संबंधित परिवहनकर्ता से वसूली जावेंगी तथा आगामी वर्षो के लिए परिवहनकर्ता को कालीसूची में दर्ज किया जावेंगा तथा विशिष्ट परिस्थितियों में जिला कलेक्टर से प्राप्त अनुशसा पर मुख्यालय द्वारा विचार किया जा सकेंगा।

1.14 परिवहनकर्ता द्वारा धान परिवहन में नियोजित समस्त वाहनो में जी.पी.एस सिस्टम लगवाना अनिवार्य होगा। खुली एवं पारदर्शी निविदा प्रकिया के माध्यम से मार्कफेड द्वारा विभिन्न जी.पी.एस आपूर्तिकर्ताओं को सूचीबद्ध किया जावेंगा। सूचीबद्ध जी.पी.एस आपूर्तिकर्ताओं में से किसी भी जी.पी.एस. मेक/मॉड्ल का चुनाव करने के लिए परिवहनकर्ता स्वतंत्र होगा तथा जीपीएस सिस्टम पर होने वाला व्यय की राशि परिवहनकर्ता के देयक से समायोजित की जावेंगी।

1.15 परिवहनकर्ता द्वारा धान परिवहन में नियोजित स्वंय के वाहनों के अलावा यदि अन्य किसी वाहन का उपयोग किया जाता है तो अन्य वाहनों की सूची तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित जिला विपणन अधिकारी को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

2. निविदा फार्म भरने के दिशा निर्देश :–

2.1 दरें :– निविदा फार्म में दी जाने वाली दरें धान/खाद्यान्न के परिवहन हेतु प्रति टन प्रति कि.मी. होगी।

2.2 ऑनलाईन ई–निविदा प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक एवं समय निविदा फार्म में अंकित है। निविदा खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उसका अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकता है।

2.3 कोई भी निविदाकार एक से अधिक इकाई/संग्रहण केन्द्रों के परिवहन का कार्य ले सकता है, किन्तु प्रत्येक जिले हेतु निर्धारित ट्रक होना अनिवार्य होगा।

3. अमानत राशि :–

3.1 प्रत्येक जिले की प्रत्येक संग्रहण केन्द्र हेतु निविदा के साथ निम्नानुसार पृथक–पृथक अमानत राशि छ.ग.राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. संबंधित जिले के Demand Draft / Bank.Guarantee की पावती/छायाप्रति निविदा के साथ प्रस्तुत करें।

क.	जिले का नाम	अमानत राशि प्रत्येक संग्रहण केन्द्र हेतु पृथक–पृथक (लाख रूप्ये में)
1	रायपुर	10.00
2	बलौदाबाजार	10.00
3	गरियाबंद	10.00
4	धमतरी	10.00
5	महासमुंद	10.00
6	दुर्ग	10.00
7	बालोद	10.00
8	बेमेतरा	10.00
9	राजनांदगांव	10.00
10	कबीरधाम (कवर्धा)	5.00
11	बिलासपुर	10.00
12	मुंगेली	5.00
13	कोरबा	0.50
14	जांजगीर	10.00
15	रायगढ़	10.00
16	जशपुर	0.50
17	अंबिकापुर	10.00
18	सूरजपुर	5.00
19	बलरामपुर	0.50
20	कोरिया	0.50
21	कांकेर	10.00
22	जगदलपुर	10.00
23	नारायणपुर	0.50
24	कोण्डागांव	0.50
25	दंतेवाड़ा	2.00
26	सुकमा	0.50
27	बीजापुर	0.50

3.2 पूर्व कण्डिका (1.3) के अनुसार बिना वांछित दस्तावेज के प्रस्तुत निविदा को अमान्य माना जाएगा।

3.3 निविदाकार द्वारा निविदा स्वीकृति होने के पश्चात् वांछित अभिलेख एवं निर्धारित सुरक्षानिधि जमा करने में असफल होने की स्थिति में अमानत राशि विपणन संघ के हित में जप्त कर ली जावेगी। ऐसी जप्ती की सूचना विपणन संघ को पृथक से निविदाकार को देना आवश्यक नहीं होगा।

3.4 असफल निविदाकार की जमा अमानत राशि दर स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण होने पर वापस कर दी जावेगी। इस अवधि का कोई भी ब्याज विपणन संघ द्वारा देय नहीं होगा।

3.5 सफल निविदाकार द्वारा निविदा के साथ जमा अमानत राशि उसके द्वारा विपणन संघ या किसी अन्य संस्था में अनुबंध न करने के फलस्वरूप जप्त होती है तो ऐसे निविदाकार विपणन संघ की किसी भी इकाई के निविदा में 3 वर्ष के लिए भाग नहीं ले सकेगें।

3.6 विगत 2 वर्षो में शासकीय/अर्द्वशासकीय एवं अन्य संस्थानों में परिवहन कार्य से प्रतिबंधित किये गये एवं परिवहन कार्य को पूर्ण नही करने के कारण उनकी जगह यदि अन्य परिवहनकर्ता से कार्य पूर्ण कराया गया हो तथा काली सूची में दर्ज परिवहनकर्ता निविदा में भाग नही ले सकेगें। इसी तरह विपणन संघ के बकायादार परिवहनकर्ता निविदा मे भाग नही ले सकेगे, किन्तु बकायादार परिवहनकर्ता द्वारा विपणन संघ की बकाया राषि मय ब्याज के राषि जमा करने के पष्चात् निविदा में भाग ले सकेगे।

4. निविदा फार्म पर हस्ताक्षर :–

निविदा फार्म पर हस्ताक्षर कर रहा/कर रहे व्यक्तियों के लिए यह प्रमाणित करना अनिवार्य है कि, वे किस हैसियत से निविदा फार्म पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। फर्म के भागीदार फर्म होने की स्थिति में निविदा फार्म में समस्त भागीदारों के नाम का उल्लेख किया जाना है एवं निविदा पर समस्त भागीदारों द्वारा हस्ताक्षर किये जावेगें अथवा सभी भागीदारों द्वारा संबंधित भागीदार के पक्ष में जारी अधिकार पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि निविदाकार एक कम्पनी है तो उसके संचालक मंडल द्वारा पारित संकल्प की सत्यप्रतिलिपि के साथ हस्ताक्षर करने वाले संचालक के पक्ष में अधिकार पत्र जिस हैसियत से निविदाकार निविदा में हस्ताक्षर कर रहा हो उसका प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

5. निविदा निष्पादित करना :–

5.1 विपणन संघ के इकाई द्वारा जिस निविदाकार की निविदा स्वीकृत की जावेगी उसे विपणन संघ की ओर से सूचना मिलने पर तीन दिन (अधिकतम एक सप्ताह) की अवधि में निर्धारित प्रतिभूति राशि जमा कर विपणन संघ द्वारा निर्धारित संविदा 100.00 रूपये (एक सौ रूपये) के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर वांछित कागजात के साथ विपणन संघ के जिला कार्यालय में इकरारनामा निष्पादित करना आवष्यक होगा। इसका निर्धारित प्रारूप संबंधित जिला कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

अ. फर्म/कंपनी के पंजीयन फर्म की सत्यप्रतिलिपि।

ब. आयकर रिर्टन जमा करने की सत्यप्रतिलिपि।

स. पी.एफ. का कोड नंबर।

द. फर्म/कंपनी संरचना विलेख।

इ. परिवहनकर्ता द्वारा निर्धारित कार्य के लिए नियोजित/प्राधिकृत श्रमिकों/कर्मचारियों के नाम एवं पते की सूची जिला विपणन अधिकारी को सौंपेगा।

5.2 <u>सुरक्षानिधि</u> :–

1. सफल निविदाकार को संबंधित जिले के प्रत्येक संग्रहण केन्द्र के लिये निम्नानुसार सुरक्षानिधि अमानत राशि के अतिरिक्त देनी होगी। सुरक्षानिधि किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी/एफ.डी.आर. दिनांक 31.10.2020 तक की वैधता अवधि के लिए प्रस्तुत करनी होगी।

क्र.	जिले का नाम	सुरक्षा निधी की राशि प्रत्येक संग्रहण केन्द्र हेतु (लाख रूपये में)
1	रायपुर	10.00
2	बलौदाबाजार	10.00
3	गरियाबंद	5.00
4	धमतरी	10.00
5	महासमुंद	10.00
6	दुर्ग	10.00
7	बालोद	10.00
8	बेमेतरा	5.00
9	राजनांदगांव	10.00
10	कबीरधाम (कवर्धा)	5.00
11	बिलासपुर	10.00
12	मुंगेली	5.00
13	कोरबा	5.00
14	जांजगीर	10.00
15	रायगढ़	10.00
16	जशपुर	1.00
17	अंबिकापुर	7.00
18	सूरजपुर	**5.00**
19	बलरामपुर	1.00
20	कोरिया	1.00
21	कांकेर	10.00
22	जगदलपुर	10.00
23	नारायणपुर	1.00
24	कोण्डागांव	1.00
25	दंतेवाड़ा	2.00
26	सुकमा	1.00
27	बीजापुर	1.00

5.3 सफल निविदाकार द्वारा तीन दिन (अधिकतम एक सप्ताह के भीतर) में इकरारनामा 100 रू. एक सौ रूपये के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर वांछित अभिलेख एवं सुरक्षानिधि के साथ संपादित करना अनिवार्य होगा और ऐसा न करने पर अमानत राशि जप्त कर ली जावेगी।

6. विविध :–

6.1 एल–1 निर्धारण की कार्यवाही निविदाकार द्वारा अनुसूची की दर के आधार पर प्रस्तावित कमी/वृद्धि के प्रतिशत अनुसार सभी स्लैब के लिये प्रस्तुत किये गये दर के आधार पर निर्धारित किया जायेगा। औचित्य सहित कारण (price justification) जिला स्तरीय कमेंटी के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसका जिला स्तरीय कमेंटी द्वारा परिक्षण कर मान्य/अमान्य किया जावेगा। इसके साथ जिला स्तरीय समिति द्वारा निविदा में प्राप्त दर पर निगोशियेशन कर सकेगा।

- यदि सफल निविदाकर्ता द्वारा न्यूनतम दर पर परिवहन का कार्य नही किया जाता है तो निविदाकर्ता द्वारा जमा अमानत राशि राजसात की जावेंगी एवं तीन वर्ष हेतु काली सूची में दर्ज किया जावेंगा एवं कार्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए द्वितीय न्यूनतम निविदाकर्ता को प्रथम न्यूनतम प्राप्त दर पर कार्य करने के लिए प्रस्ताव दिया जावेगा यदि द्वितीय निविदाकार द्वारा भी असहमति व्यक्त की जाती है तो अन्य निविदाकारों से उक्त दर पर कार्य करने हेतु चर्चा की जावेंगी। यदि एल–1 दर पर अन्य निविदाकार भी कार्य करने हेतु तैयार नही होते तो एल–2 दर पर कार्य कराया जा सकता है। ऐसी स्थिति में उसके अंतर की राशि एल–1 निविदाकार से वसूली की जावेगी यह वसूली भू राजस्व के भांति जिला कलेक्टर के माध्यम से की जावेगी।

6.2 विपणन संघ द्वारा स्वीकृत निविदाकार के साथ अनुबंध रहते हुए भी अनुबंधित कार्य हेतु विभागीय रूप से भी कार्य करने पर विचार किया जा सकता है तथा निविदाकार द्वारा स्वीकृत दरों पर संतोषप्रद परिवहन कार्य नहीं करता है तो विपणन संघ के इकाईयों को यह अधिकार होगा कि वे बाजार में उपलब्ध दरों पर अन्य परिवहनकर्ता से कार्य करा लें तथा इस पर अधिक भुगतान की गई राशि निविदाकार के प्रतिभूति राशि एवं देयकों से काट ली जावे।

6.3 विपणन संघ द्वारा स्वीकृत निविदाकार के साथ अनुबंध रहते हुये जिला विपणन अधिकारी को यह अधिकार होगा कि जिले में जिस प्रकार का भी परिवहन कार्य कराया जावेगा निविदाकार द्वारा किया जावेगा एवं जिला विपणन अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पूरे जिलें में स्वीकृत दरों पर कही से भी कही परिवहन कार्य कराया जा सकता है जो निविदाकार को मान्य होगा।

6.4 जिले में परिवहन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए जिला विपणन अधिकारी, को यह अधिकार होगा कि उपार्जन केंन्द्रों का समूह बनाकर स्वीकृत परिवहन दर पर किसी भी परिवहनकर्ता से कार्य कराया जा सकता है। जिसके लिए संबंधित परिवहनकर्ता को निर्धारित प्रतिभूति जमा कराकर निर्धारित प्रारूप में अनुबंध की अनिवार्यता होगी।

6.5 किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार जिले के कलेक्टर/प्रबंध संचालक छ0ग0राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, रायपुर को होगा।

6.6 निविदाकार को निविदा में कोई शर्त सम्मिलित नहीं करनी है, क्योंकि सशर्त निविदा विचार योग्य नहीं होगा। एक बार निविदा खोलने के पश्चात् निविदाकार के द्वारा दर संबंधी प्रस्तुत की जाने वाली किसी भी आवेदन पर विचार मान्य नहीं होगा।

6.7 निविदाकार द्वारा हस्ताक्षरित निविदा प्रस्तुत करने का यह अभिप्राय माना जावेगा कि निविदाकार ने निविदा की सभी शर्तों एवं कार्य पद्धति कार्य की महत्ता आदि समझ ली है और उन्हें स्वीकार कर लिया है।

6.8 **निविदाकार द्वारा परिवहन हेतु अनुसूची की दर के आधार पर वृद्धि/कमी के प्रतिशत में अपनी दरे प्रस्तावित की जाये।**

6.9 निविदा की तिथि में लागू सभी प्रकार के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर शामिल होगें। आयकर एवं अन्य करों की स्त्रोत पर कटौती प्रचलित नियमानुसार की जाएगी। यदि सफल निविदाकार द्वारा किसी भी प्रकार के करों अथवा अन्य वैधानिक उत्तरदायित्वों के भुगतान में अथवा पालन में लापरवाही बरती जाती है तो विपणन संघ को अधिकार होगा कि ऐसे सभी उत्तरदायित्वों को पेटे भुगतान की गई राशि की सफल निविदाकार से किसी भी प्रकार की देय राशि से वसूल कर लें।

6.10 भारत सरकार, राज्य सरकार एवं स्थानीय निकाय द्वारा प्रचलित सभी वैधानिक कर परिवहनकर्ता द्वारा देय होगा। आशय यह है कि निविदा दरों में उपरोक्त सभी प्रकार का कर शुल्क शामिल है।

6.11 निविदाकार द्वारा पूर्व में जमा की गयी अमानत राशि अथवा किसी प्रकार की राशि वर्तमान निविदा के लिए मान्य नहीं होगी तथा जमा की गई अमानत राशि एवं प्रतिभूति राशि पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं दिया जावेगा।

6.12 इकरारनामा निष्पादित करते समय सफल निविदाकर्ता को सुरक्षानिधि के रूप में निर्धारित राशि निर्धारित प्रारूप में बैंक गारंटी अथवा एफ.डी.आर. संबंधित जिले के पक्ष में प्रस्तुत करना होगा, जिस पर विपणन संघ द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जावेगा।

6.13 सफल निविदाकार को संग्रहण केन्द्र से सम्बद्ध उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की सतत जानकारी सीधे खरीदी केन्द्र से लेकर धान परिवहन के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करना आवश्यक होगा, अन्यथा परिवहन के अभाव में होने वाली क्षति की वसूली संबंधित परिवहनकर्ता से की जावेगी।

6.14 जिला विपणन अधिकारी द्वारा ऑनलाईन निविदाओं को जिला स्तरीय समिति के समक्ष खोला जावेगा।

6.15 सफल निविदाकार को अनुबंध संबंधित परिवहन इत्यादि कार्य करने पर प्रत्येक सप्ताह में अपना बिल संबंधित जिला विपणन अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।

6.16 परिवहनकर्ता के पास स्वयं का जिले में निर्धारित संख्या अनुसार ट्रक होना अनिवार्य है। इससे अधिक स्वयं की ट्रकों की जानकारी भी निविदा में दें। इसके अतिरिक्त जो ट्रकें उनसे संबद्ध होंगें उनकी सूची इकाई प्रमुख अथवा जिला विपणन अधिकारी जिसके क्षेत्र में कार्य किया जाना है उसे लिखित में अनुबंध के समय प्रस्तुत करना होगा तथा उन्हीं ट्रको से परिवहन कार्य कराया जावेगा।

7. संविदा की अवधि

7.1 जिस परिवहनकर्ता की निविदा स्वीकृत की जाती है, उसे स्वीकृत दरों पर खरीफ विपणन वर्ष 2019–20 के लिये परिवहन करने के लिये अनुबंध करना होगा।

7.2 निविदा जारी दिनांक से 1 वर्ष तक वैध रहेगी।

7.3 निष्पादित किये गये निर्धारित अनुबंध की अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् यदि विपणन संघ चाहे तो उसी स्वीकृत दर पर कार्य कराने हेतु तीन माह के खण्ड में अधिकतम एक वर्ष तक के लिये वृद्वि की जा सकेगी। इसे मानने के लिये परिवहनकर्ता बाध्य होगा।

7.4 संविदा की अवधि में कोई निश्चित कार्य देने की गारंटी विपणन संघ की नहीं रहेगी।

8. कार्मिक एवं वैधानिक उत्तरदायित्व :–

8.1 धान/खाद्यान्न उतराई छल्ली लगाने के लिए क्रमशः उतराई करने वाले, तौलाई करने वाले एवं छल्ली लगाने वाले श्रमिकों/कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था करने का उत्तरदायित्व परिवहनकर्ता का होगा।

8.2 यह आवश्यक होगा कि अनुबंध करने के पूर्व सफल निविदाकार अथवा उनके द्वारा नियुक्त श्रमिक ठेकेदार को प्रचलित सभी अधिनियमों के अधीन अनुज्ञप्ति पत्र लेकर संबंधित जिला कार्यालय में देना होगा, कार्य समाप्त होने पर सफल निविदाकार को संबंधित जिले में कर्मचारी भविष्यनिधि अधिनियम के अंतर्गत नो–ड्यूस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। उसके उपरान्त ही अमानत राशि का भुगतान हो पायेगा। यदि कार्य समाप्ति के एक माह के भीतर सफल निविदाकार द्वारा उपरोक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो अमानत राशि की बैंक गारंटी/एफ.डी.आर. राजसात की जायेगी।

8.3 समस्त श्रम अधिनियमों के अधीन परिवहनकर्ता समस्त आवश्यक अभिलेख संघारित करेगा एवं आवश्यक प्रपत्र/विवरण संबंधित अधिकारियों को समय पर प्रस्तुत करेगा और प्रस्तुत न करने के परिणामस्वरूप उद्भूत हुए समस्त दायित्वों के लिए परिवहनकर्ता स्वयं उत्तरदायी होगा।

8.4 समस्त श्रम अधिनियमों के अधीन परिवहनकर्ता का दायित्व होगा कि, वह उसके द्वारा नियोजित समस्त श्रमिकों/कर्मचारियों के लिए नियमानुसार आवश्यक समस्त सुविधाएं हित लाभ एवं व्यवस्था उपलब्ध करावें। इस संबंध में विपणन संघ का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

8.5 परिवहनकर्ता उसके द्वारा नियोजित समस्त श्रमिकों/कर्मचारियों के नाम, पता एवं फोटो विपणन संघ के जिला विपणन अधिकारी को अनुबंध के साथ कार्य प्रारंभ करने के पूर्व प्रस्तुत करें। यदि उसमें कोई परिवर्तन होता है, तो वह तत्काल जिला विपणन अधिकारी को सूचित करेगा एवं उनके द्वारा किये गये कार्य एवं व्यवहार के लिए वह उत्तरदायी माना जावेगा।

8.6 परिवहन कार्य के दौरान घटित किसी दुर्घटना का उत्तरदायित्व स्वयं निविदाकर्ता का होगा। श्रमिक क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923 अथवा कर्मचारी भविष्यनिधि अधिनियम 1952 के अधीन समस्त राशियों का भुगतान करने का उत्तरदायित्व परिवहनकर्ता पर होगा।

8.7 यदि परिवहनकर्ता अथवा उसके द्वारा नियुक्त कर्मचारी अथवा ठेकेदार द्वारा किये गये किसी कृत्य की कोई जवाबदारी अथवा कोई भार विपणन संघ को वहन करना पड़ता है तो उस राशि को परिवहनकर्ता की जमा प्रतिभूति राशि में से अथवा उसके बिलों में से वसूल किया जायेगा।

8.8 परिवहन के दौरान आने वाले नाकों, पुलों आदि पर टोल टैक्स व अन्य शुल्क प्रभार तथा प्रचलित देय कर को परिवहनकर्ता को स्वयं वहन करना होगा, विपणन संघ द्वारा उनका कोई भुगतान नहीं किया जायेगा। आशय यह है कि स्वीकृत दर के अतिरिक्त अन्य कोई भुगतान देय नहीं होगा।

8.9 संबंधित जिला कलेक्टर एवं प्रबंध संचालक द्वारा प्रशासकीय व्यवस्था के तहत परिवहन कार्य में गति लाने हेतु जो भी निर्देश समय–समय पर दिये जाते है इसका पालन करना अनिवार्य होगा।

9. विवादों का निराकरण –

9.1 इस निविदा से संबंधित तथा अनुबंध से संबंधित किसी भी विषय, शर्त एवं किसी भी शर्त की व्याख्या आदि से संबंधित, इस अनुबंध के पूर्व इस अनुबंध एवं निविदा के पालन में समय अथवा उसके पष्चात् उत्पन्न हुए किसी भी विवाद को किसी पक्ष द्वारा एक मात्र आर्बीट्रेटर को उस विवाद के निराकरण के लिये संदर्भित किया जावेगा। यह आर्बीट्रेटर प्रबंध संचालक विपणन संघ या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधी होगें और उनके द्वारा दिया गया निर्णय/एवार्ड दोनों पक्षों को बंधनकारी एवं मान्य होगा।

9.2 आर्बीट्रेशन द्वारा विवादों को निपटाने के लिये की गई कार्यवाही, आर्बीट्रेशन कॉन्सिलिएशन एक्ट, 1996 (नं. 26 ऑफ 1996) के अंतर्गत होगी और ऐसे समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र रापयुर न्यायालय होगा।

10. व्यवहार एवं आचरण –

परिवहनकर्ता एवं उसके द्वारा नियोजित समस्त कर्मचारी/श्रमिक विपणन संघ के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से सौहार्द्रपूर्ण तरीके से सामजस्य स्थापित करते हुए परिवहन कार्यो के सुचारू रूप से संपादन में भी आवष्यक सहयोग प्रदान करेगें। परिवहनकर्ता की अथवा उसके कर्मचारियों की अथवा उसके कर्मचारियों /अधिकारियों की विपणन संघ के अधिकारियों/कर्मचारियों से झगडालु दबाव की मनोवृत्ति/प्रवृत्ति अथवा अभद्र अशोभनीय व्यवहार प्रदर्शित होने पर विपणन संघ के जिला विपणन अधिकारी/संबंधित अधिकारी की रिपार्ट पर विपणन संघ के प्रबंध संचालक को यह अधिकार होगा कि वे उसके अनुबंध को तत्काल समाप्त कर दे एवं उसके इस प्रकार की कृत्यों के लिये आगामी निविदाओं में उस कार्य विशेष के लिये किसी भी हैसियत से भाग लेने से वंचित कर दे एवं अन्य क्षतिपूर्ति का निर्धारण कर वसूली निर्धारित करे।

11. दण्ड :–

सफल निविदाकार द्वारा निविदा शर्तो का सही ढ़ग से पालन नहीं करने एवं अनुबंध शर्तो के उल्लंघन करने पर निविदाकार को विपणन संघ द्वारा काली सूची में आगामी दो वर्षो के लिये दर्ज किया जावेगा।

12. निविदा के संबंध में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन/शुद्धि पत्र जारी किया जाता है वह निविदा का भाग माना जावेगा जिसका प्रकाशन समाचार पत्रों में अथवा विपणन संघ की वेबसाईट में अपलोड किया जावेगा।

निविदाकार के हस्ताक्षर

परिशिष्ट –2

भाग – "क"

(तकनीकी बीड हेतु)
निविदाकर्ता का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण

प्रति,

जिला विपणन अधिकारी,
.....छ.ग.

महोदय,

क्र.	**विवरण**	
1.	निविदाकार का पूरा नाम व पता	
1.	दूरभाष क्रमांक कार्यालय निवास	
2.	निविदाकार की फर्म का स्वरूप(फर्म/कंपनी/स्वामित्व/हिन्दू अविभाजित परिवार)	
4.	मुखिया (कर्ता) का नाम व पता	
5.	यदि भागीदारी फर्म है तो समस्त भागीदारों के नाम/पते (भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति संलग्न करें)	
6.	फर्म की स्थापना, पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक (प्रमाणित प्रति संलग्न करें)	
7. (क)	वित्तीय वर्ष 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 आयकर विवरणी की प्रमाणित प्रति संलग्न करें (प्रति संलग्न करें)	
(ख)	आयकर स्थाई लेखा संख्या(पेनकार्ड) (प्रति संलग्न करें)	
8.	बैंक का नाम शाखा सहित (खाता क्रमांक लिखे)	
9.	स्वयं/फर्म/कंपनी के नाम कितने भारीमाल वाहन (पंजीयन एवं vehicle particular की प्रमाणित प्रति संलग्न करें)	वाहन का पंजीयन क्रमांक
10.	वर्तमान में किस शासकीय/अर्द्धशासकीय/अन्य संस्था में परिवहन कार्य कर रहें, विवरण दें	
11.	घोषणा पत्र (संलग्न करे)	

12.	विगत दो वर्ष में शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं अन्य संस्था द्वारा परिवहन कार्य से प्रतिबंधित/परिवहन कार्य को पूर्ण नही करने एवं कालीसूची में दर्ज किया गया है, अथवा नही (हॉ/नही) में लिखे	
13.	निर्धारित जमा की गई अमानत राशि का विवरण	रूपये कुल ..... Demand Draft / Bank.Guarantee ..... दिनांक..... बैंक का नाम
14.	इस वित्तीय वर्ष के लिए विपणन संघ की अगर किसी अन्य निविदा में भाग लिया हो तो उसका विवरण	
15.	पूर्व वर्षों में अगर विपणन संघ का कोई कार्य किया गया हो तो उसका विवरण	
16.	परिवहन कार्य में नियोजित श्रमिकों का पी. एफ. कोड नं. एवं गतवर्ष जमा कराये गये पी.एफ. का प्रमाण–पत्र संलग्न करें।	
17.	मेरी/हमारी गत वर्ष में अमानत/प्रतिभूति राशि विपणन संघ के परिवहन निविदा अंतर्गत राजसात की गई है (हां तो विवरण दें)	
18.	इस दस्तावेज के साथ संलग्न अभिलेखों की सूची	

2. हमारी/मेरी निविदा फार्म में उल्लेखित की गई निविदा परिशिष्ट 1 में वर्णित स्थिति अनुसार वैध रहेगी, जिसे मानने के लिए हम/मैं बाध्य रहेगें/रहूँगा/रहूँगी।
3. यदि विपणन संघ द्वारा हमें/मुझे धान/खाद्यान्न परिवहन कार्य सौंपा जाता है तो हम/मैं निर्धारित अवधि में नियमानुसार प्रतिभूति राशि एवं बैंक गारंटी जमा करके अनुबंध करने के लिये सहमत हैं/हूँ।
4. हम/मैं इसके द्वारा घोषित करते हैं/करता हूँ कि निविदा फार्म तथा उसके साथ संलग्न परिशिष्टों में की गई प्रविष्टियां मेरे विश्वास एवं ज्ञान में सही है।

दिनांक .....
स्थान .....

हस्ताक्षर .....
नाम .....
फर्म का नाम .....
पूरा पता .....
हैसियत .....
मुहर .....

नोट :– इसमें अपेक्षित विवरण स्पष्ट रूप से भरे एवं संपूर्ण कॉलम में प्रविष्टि अतिआवश्यक है, अन्यथा अपेक्षित विवरण के अभाव में निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

परिशिष्ठ – 3

भाग – "ख"
(वित्तीय बीड हेतु)

धान/खाद्यान्न परिवहन कार्य हेतु पुनः अल्पकालीन निविदा फार्म खरीफ विपणन वर्ष 2019–20 वित्तीय बीड का प्रारूप

खरीफ विपणन वर्ष 2019–20 में परिवहन कार्य हेतु विपणन संघ द्वारा अनुसूची की दर (SOR) तैयार किया गया है। स्लैबवार तैयार किये गये अनुसूची की दर को ध्यान में रखते हुए निविदाकार द्वारा अनुसूची की दर पर कमी/वृद्धि के आधार पर प्रतिशत में अपनी दरें प्रस्तावित की जानी है। अनुसूची की दर में लोडिंग/अनलोडिंग शामिल नही है तथा लोडिग/अनलोडिग दर विपणन संघ की हमाली निविदा की स्वीकृत दर के अनुसार देय होगा।

निम्नानुसार तालिका मे कमांक 4 हेतु जो दरें प्रस्तावित की जावेंगी उन दरों में वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत धान तथा खाद्यान्न परिवहन पर वस्तु एवं सेवा कर देय नही है।

1. कार्यालय का नाम जिसके लिए निविदा दिया जा रहा है :–	
2. संग्रहण केन्द्र/इकाई का नाम जिसके लिए निविदा भरी जा रही है।	
3. निविदाकार का नाम, पूरा पता ई–मेल, दूरभाष नंबर	

क.	स्लैब (कि.मी)	अनुसूची की दर (SOR) मात्रा 16 टन परिवहन के आधार पर दर (प्रति टन प्रति कि.मी.)
1	0–8 कि.मी. तक	7.74
2	8–20 कि.मी. तक	5.35
3	20–40 कि.मी. तक	3.75
4	40–80 कि.मी. तक	2.96
5	80 कि.मी. से अधिक	2.37

नोट :– 0 से 8 कि.मी. तक स्लैब में फ्लैट दर लागू होगा।

4- **निविदा दर**

क्र.	सेवा कार्य का विवरण	वृद्धि/कमी का प्रतिशत (+/-)
1	धान/खाद्यान्न अन्य सामग्री परिवहन कार्य हेतु निविदाकार द्वारा अनुसूची की दर के परिपेक्ष्य में प्रस्तावित वृद्धि/कमी का प्रतिशत (प्रति टन प्रति कि.मी.)	

- ❖ धान परिवहन कार्य हेतु निविदाकार द्वारा अनुसूची की दर के परिपेक्ष्य में प्रस्तावित वृद्धि/कमी का प्रतिशत (प्रति गठान प्रति कि.मी.) के साथ ऑनलाईन–ई निविदा में ABOVE SOR एवं BELOW SOR अंकित करना अनिवार्य हैं।
- ❖ अनुसूची की दर के आधार पर निविदाकार द्वारा प्रस्तावित कमी/वृद्धि के प्रतिशत अनुसार निर्धारित स्लैब के अंतर्गत अधिकतम दूरी पर वास्तविक भुगतान की गणना हेतु excel calculater sheet पृथक से ऑनलाईन ई–प्रोक्युरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है। निविदाकारो से अनुरोध है कि दर प्रस्तावित करने के पूर्व ऑनलाईन ई–प्रोक्युरमेंट पर उपलब्ध excel calculater sheet के माध्यम से वास्तविक भुगतान की गणना का अवलोकन अवश्य करे।

परिशिष्ट – 4

घोषणा पत्र

1. छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, रायपुर द्वारा धान/खाद्यान्न हेतु प्रकाशित निविदा सूचना तथा निविदा के आमंत्रण में दिये गये निर्देशों/निविदा/संविदा शर्तों, नियमों तथा इसके परिशिष्ट में दिये गये विवरण को भली भांति पढ़ लिया है, उनको समझ लिया है तथा हम/मैं उनके पालन के लिए सहमत हैं/हूँ।
2. उपरोक्त परिवहनकर्ता परिवहन टेंडर के संदर्भ में मेरे/हमारे द्वारा परिवहन हेतु उपरोक्तानुसार दरें दी जाती हैं। दरें धान/खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री के परिवहन हेतु प्रति टन प्रति कि.मी. है।
3. मैं/हमारे द्वारा विपणन संघ द्वारा परिवहन व्यवस्था को सुदृण रखने के लिये लागू की जाने वाली व्यवस्था/प्रावधान को पालन करने के लिये बंधनकारी होगे तथा समय–समय पर संघ द्वारा की जा रही व्यवस्था को मानने के लिये सहमत हैं/हूँ।
4. उपरोक्त दर आपकी निविदा शर्तों की समस्त कंडिकाओं को मान्य करते हुए दी गई है। कार्यादेश प्राप्त होते ही तीव्रता से परिवहन कर सकूंगा एवं आवश्यकतानुसार बाहर से भी ट्रकें उपलब्ध कराकर कार्य समय–सीमा में संपन्न कर सकूंगा। यदि कार्य लिखित एवं मौखिक की सूचना मिलने पर समय सीमा के भीतर परिवहन का कार्य नहीं करता हूँ तो विपणन संघ नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। जिसमें आने वाले अतिरिक्त व्यय के लिये मैं स्वतः जवाबदार रहूँगा।
5. उपरोक्त निविदा के संबंध में यदि किसी भी प्रकार का विवाद होता है तो प्रबंध संचालक विपणन संघ या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
6. मैं/हमारे द्वारा तकनीकी एवं वित्तीय बीड के लिये प्रस्तुत किये जा रहे दस्तावेज/सहपत्र के लिये संलग्न किये गये दस्तावेज हमारे ज्ञान/संज्ञान के अनुसार समस्त दस्तावेज पूर्ण रूप से वैध एवं प्रमाणिक है। इनकी वैधता/सत्यता के संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद के लिये मैं/हम पूर्णरूप से जवाबदार होंगे। मै/हमारे द्वारा प्रस्तुत वित्तीय बीड स्वीकार होने पर हमारे द्वारा तकनीकी बीड में ऑनलाईन प्रस्तुत किये गये समस्त प्रमाणपत्र, दस्तावेज की मूल प्रति तथा स्वप्रमाणित प्रति संघ द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करूंगा।

